हरिभूमि
# जांजगीर-चांपा भूमि
बिलासपुर, सोमवार, 20 जुलाई 2026
अकलतरा | बलौदा | नवागढ़ | पामगढ़ | मालखरौदा | जैजैपुर | डभरा | सक्ती

तापमान
अधिकतम 31.0 डिग्री
न्यूनतम 25. 0 डिग्री

भीमकाय वाहनों के चलने से सड़क पर बने गड्ढे हादसे को दे रहा न्योता
4



## 10वीं-12वीं पास विद्यार्थी ध्यान दें- औद्योगिक सुरक्षा एवं अग्निशमन प्रशिक्षण द्वारा नौकरी सुनिश्चित करें...

भिलाई। संस्था फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण केंद्र निजी संस्थान है, भिलाई में रोजगार मुखी प्रशिक्षण हेतु भर्ती योग्यता 10वीं 12वीं एवं स्नातक एवं स्नाकोत्तर किसी भी संकाय आयु 17 से 40 वर्ष फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा डिग्री डिप्लोमा कार्यरत कर्मचारी पार्ट टाइम फुल टाइम प्रशिक्षण कर सकते है, मान्यता प्राप्त प्रशिक्षण संस्थान एवं रोजगार विकास हेतु पंजीकृत FSDMI BHILAI मान्यता प्राप्त संस्था द्वारा विशेष प्रशिक्षण अग्निशमन एवं औद्योगिक सुरक्षा प्रबंधन पाठ्यक्रम संचालित किया जा रहा है प्रशिक्षण कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य छात्र-छात्राओं को रोजगार उपलब्ध कराना है, फायर एवं औद्योगिक सुरक्षा की नियुक्ति फायर स्टेशन, कारखाने, खदानों, माइनिंग, पावर प्लांट, कार्गो हब फैक्ट्री कारखाने सरकारी एजेंसी, इंश्योरेंस कंपनी एवं अन्य जगहों में फायर अधिकारी, ट्रेनर, फायरमैन, औद्योगिक सुरक्षा निरीक्षक, सेफ्टी मैनेजर, फायर सुपरवाइजर, टीम लीडर जैसे अन्य पदों हेतु अवसर मिलते हैं तथा भविष्य में पदोन्नति की भरपुर संभावनाएं होती है साथ ही फायर एवं सेफ्टी ऑफिसर स्वयं रोजगार के लिए समर्थ होते हैं अनुमानित जानकारी के अनुसार छत्तीसगढ़ राज्य में बने नए जिलों में अनुमानित लगभग 2000 फायरमैन एवं अग्निशमन वाहन चालक की भर्तियां आने की संभावना है, संस्था से प्रशिक्षण प्राप्त कर छात्र-छात्राएं




विभिन्न कंपनियों जैसे रक्षा मंत्रालय भारत सरकार (DRDO), भिलाई स्टील प्लांट, रेल मंत्रालय ब्रेथवेट कंपनी लिमिटेड, पावर प्लांट, सीमेंट प्लांट, स्टील प्लांट, एवं अन्य कंपनियों में ठेकेदारी बेस से कार्यरत कर रहे है संस्था FSDMI भिलाई में चल रहे 6 माह, 1 वर्षीय, फायर एवं सेफ्टी प्रशिक्षण की जानकारी सूचना केंद्र में बताई जाएगी, संस्था द्वारा उपलब्ध सुविधाएं प्रशिक्षण के दौरान आत्मनिर्भरता के लिए सुविधा अनुसार पार्ट-टाइम, फुल-टाइम नौकरी दिलवाने में सहायता की जाती है जिससे छात्र-छात्राएं अपनी प्रशिक्षण की शुल्क एवं रहने और खाने क्या खर्च स्वयं से निकाल सकते हैं, प्रशिक्षण प्राप्त उम्मीदवारों एवं सफल अभ्यार्थियों को सरकारी प्रमाण पत्र प्रदान किया जावेगा। प्रशिक्षण उपरांत छात्रों को निजी कंपनियों में नौकरी लगने में सहायता की जाती है, सभी जाति वर्ग के (SC, ST, OBC, GENERAL) संस्था के द्वारा प्रशिक्षण शुल्क में विशेष छूट दी जाएगी। **अधिक जानकारी के लिए-**

**पता: फायर सेफ्टी एवं डिजास्टर मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट, (निजी संस्थान) इंदिरा गांधी इंग्लिश मीडियम स्कूल, नजदीक गदा चौक, सुपेला भिलाई, दुर्ग (छ.ग.)**
**संपर्क करें: मो. 7697212782**
Advt.

## खबर संक्षेप

### सक्ती जिले में 362 मिली मीटर औसत वर्षा दर्ज

**सक्ती।** सक्ती जिले में 1 जून से 17 जुलाई तक 362.8 मि.मी.औसत वर्षा दर्ज की गई है। बीते 24 घंटे में जिले में 2.8 मिली मीटर औसत वर्षा हुई है। भू-अभिलेख शाखा से प्राप्त जानकारी के अनुसार 1 जून से अब तक जिले के सक्ती तहसील में 333.3 मिली मीटर, जैजैपुर में 245.5, मालखरौदा में 420.3, डभरा में 375.1, नया बाराद्वार में 374.5, अड़भार में 356.1, हसौद में 329.8,चंद्रपुर में 489.3,एवं भोथिया में 341.7 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है। प्राप्त जानकारी अनुसार आज की स्थिति मे तहसील सक्ती में 2.3 मिली मीटर, जैजैपुर में 4.6, मालखरौदा में 2.0, डभरा में 1.5, नया बाराद्वार में 1.5, अड़भार में 6.1, हसौद में 1.5, चंद्रपुर में 0, एवं भोथिया में 5.8 मिली मीटर वर्षा दर्ज की गई है।

### उत्कृष्ट विधायक अलंकरण के बाद नगर आगमन पर राघवेंद्र का स्वागत आज

**अकलतरा।** छत्तीसगढ़ विधानसभा के प्रेक्षा गृह में श्रेष्ठ उत्कृष्ट अलंकरण समारोह में राज्यपाल रमेन ढेका के हाथों उत्कृष्ट विधायक का सम्मान प्राप्त करने के बाद विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह के प्रथम नगर आगमन पर कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं नगर वासियों के द्वारा भव्य स्वागत 20 जुलाई सोमवार को किया जाएगा। नगर कांग्रेस कमेटी अध्यक्ष महेश्वर टंडन ने बताया कि 20 जुलाई को नगर आगमन पर विधायक राघवेंद्र कुमार सिंह का टोल नाका , फोरलेन चौक,मिनीमाता चौक,अग्रसेन चौक ,अंबेडकर चौक, आजाद चौक एवं शास्त्री चौक में भव्य स्वागत किया जाएगा।

### प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए आवेदन 31 तक

**जांजगीर-चांपा।** प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के लिए ऑनलाइन आवेदन 31 जुलाई तक आमंत्रित किया गया है। जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय बाल पुरस्कार के तहत जिले के ऐसे वीर बालक-बालिकाएं जिन्होंने अपने स्वयं के जीवन को जोखिम में डालते हुए उसकी निस्वार्थ सेवा या प्रतिकूल प्राकृतिक या मानव निर्मित परिस्थितियों के खिलाफ उत्कृष्ट साहस का कार्य, असाधारण कार्य, सामाजिक सेवा. पर्यावरण, खेल, कला एवं संस्कृति तथा विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी, किया हो पीएमआरबीपी के लिए आवेदन ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से 31 जुलाई तक आवेदन आमंत्रित किया है। 18 वर्ष से कम आयु के वे बच्चे जिन्होंने इन क्षेत्रों में उत्कृष्टता और उत्कृष्ट योगदान दिया है, नामांकन के लिए पात्र हैं वे ऑनलाइन आवेदन प्रेषित कर सकते है।

### 15 लीटर अवैध महुआ शराब के साथ युवक गिरफ्तार

**चांपा।** पुलिस ने अवैध शराब बिक्री के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत कार्रवाई करते हुए 15 लीटर कच्ची महुआ शराब के साथ एक आरोपी को गिरफ्तार किया है। चांपा पुलिस ने मुखबिर की सूचना पर ग्राम कोसमदा में दबिश दी। इस दौरान कोसमंदा निवासी जगत राम बसोड उम्र 27 वर्ष के कब्जे से 15 लीटर अवैध कच्ची महुआ शराब जब्त की गई। जब्त शराब की अनुमानित कीमत 3 हजार रुपये बताई गई है। पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे न्यायिक रिमांड पर भेज दिया गया।

मरीजों के साथ परिजनों को हो रही परेशानी

# मानसूनी बारिश के साथ ही जिला अस्पताल में बढ़ी मरीजों की भीड़

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

मानसूनी बारिश के साथ ही जिला अस्पताल में उपचार कराने मरीजों की संख्या में बढ़ रही है। स्थिति यह है कि स्ट्रेचर पर ही रखकर कुछ मरीजों का उपचार किया जा रहा है। वहीं व्यवस्था के तहत पहले 100 बिस्तर में मरीजो का उपचार किया जाता था। वहीं बेड की संख्या 220 पहुंच गई है। इसके बाद भी मरीजों की संख्या बढ़ने से डॉक्टरों के साथ मरीज एवं उनके परिजनो को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है।

गौरतलब है कि जांजगीर जिले के सबसे बड़े सरकारी अस्पताल ठाकुर छेदीलाल जिला चिकित्सालय में प्रतिदिन औसतन 400 मरीज इलाज कराने के लिए पहुंचते है। इन दिनो बरसात का मौसम चल रहा है। वहीं मौसमी बीमारी से प्रभावित भी मरीज बढ़ रहे है। जिनमें बुखार, उल्टी दस्त, पीलिया, सर्दी जुकाम, मलेरिया, टायफाइड सहित अन्य तरह के बीमारियो से प्रभावित मरीज बढ रहे है। इसे देखते हुए 100 बेड के जिला अस्पताल में ब्यवस्था को बनाकर आगे रखते हुए 220 बिस्तर की व्यवस्था बनाई गई है। इन सबके बावजूद आज भी जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में बेड फुल की स्थिति बनी हुई, जिसके चलते कई मरीजो का उपचार स्ट्रेचर में करने की मजबुरी बनी हुई है। राज्य शासन के स्वास्थय एवं परिवार कल्याण विभाग के द्वारा स्वास्थय व्यवस्था बेहतर ढंग से बना रहे इस बात को ध्यान में रखकर करोड़ो रूपए खर्च कर दिए जा रहे है। इसके बावजूद आज भी जिले के सबसे बडे सरकारी अस्पताल में मरीजो का उपचार समुचित ढंग से नही हो पाता। जिला अस्पताल में ना केवल जांजगीर बल्की नवागढ, पामगढ, बम्हनीडीह, बलौदा एवं अकलतरा क्षेत्र से मरीज बड़ी संख्या में उपचार कराने के लिए पहुंचते है।



ओपीडी में उपचार कराने लगी मरीजों की कतार।

### सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र बना रेफर सेंटर

कहने को तो जांजगीर चाम्पा जिले के अंतर्गत 7 सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र आते है। इन केन्द्रों में डाक्टरों से लेकर कंम्पाऊंडर एवं स्टाफ नर्स की नियुक्त राज्य शासन के स्वास्थय विभाग के माध्यम की गई है ताकि दुरस्त अंचल में रहने वाले लोग जब अस्पताल पहुंचे तो समय पर उनका उपचार किया जा सके। लेकिन जिले के सामुदायिक स्वास्थय केन्द्र महज रेफर सेंटर बनकर रह गया है। जिसके चलते मरीजों को मजबुरन निजी अस्पतालो के माध्यम से उपचार कराने की मजबुरी बनी रहती है।

### उपचार करने दिए हैं निर्देश

बरसात के मौसम के कारण पहले की अपेक्षा मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मरीज के बेहतर उपचार को लेकर आदेश चिकित्सकों को दिया गया है।

**-डॉक्टर बी एल जागृति,**
सिविल सर्जन
जिला अस्पताल जांजगीर

# रिहायशी मकानों का हो रहा व्यावसायिक उपयोग

## पालिका को प्रतिवर्ष लग रहा लाखों का चूना

हरिभूमि न्यूज ⏭ जांजगीर-चांपा

जिले के शहरी क्षेत्रों में रिहयाशी मकानों का धड़ल्ले से व्यवसायिक उपयोग किया जा रहा है। इसके चलते पालिका को हर साल लाखों रुपए का चूना लग रहा है, जबकि संबंधित मकान मालिक पालिका को जो हर साल कर अदा करता है वह केवल सामान्य कर शामिल रहता है, जबकि मकान मालिक को किराए अथवा दुकान के लिए पालिका से अनुमति लेकर उसका अलग से टैक्स देना पड़ता है। रिहायशी मकानों का व्यवसायीकरण करके मकान मालिक पालिका को हर साल करोड़ों का चूना लगा रहे है। वहीं कार्रवाई को लेकर पालिका प्रशासन भी उदासीन है।

गौरतलब है कि शासन के द्वारा शहरी क्षेत्रों में रहने वाले लोगों एवं दुकान का संचालन करने वाले दुकानदारों से उनकी आय के अनुरुप अलग-अलग टैक्स वसूलती है, जिससे पालिका के आय में बढ़ोतरी होती है। जिले में चार पालिका परिषद है, जिनमें जांजगीर नैला, चांपा एवं अकलतरा शामिल है। इन शहरो में कई जगहों पर दुकान का संचालन तो किया जा रहा है, लेकिन मकान मालिका पालिका को रिहायसी मकान का टैक्स देकर लाखों रुपए चूना पालिका को लगा रहे है, जबकि दुकान का अलग से टैक्स पटाना पड़ता है। शहर में समेकित कर, जलकर सहित अन्य कर की वसूली पालिका परिषद के द्वारा की जाती है, वही कई लोग तो हर साल टैक्स भी नही पटाते है, जिसके चलते भी पालिका को नुकसान उठाना पड़ता है। शहर में जो विकास के कार्य कराए जाते है उनमें काफी हद तक पालिका को जो हर साल राजस्व आय की प्राप्ती होती है, उन्ही टैक्स के माध्यम से कई विकास के कार्य शहर में कराए जाते है। इसके अलावा लोग रिहायसी मकानो का व्यवसायीकरण करके व्यवसायिक मीटर की जगह घरेलू मीटर लगाकर बिजली विभाग को भी घरेलू चूना लगा रहे है। मकान के मालिक बिजली का बिल सामान्य दरो पर ही बिल जमा करते है, जबकि कर्मिशयल व्यवसाय करने वालो का बिजली बिल रिहायशी बिजली बिल से कही अधिक होती है। ऐसे में दुकान मालिक रिहायशी बिल का हवाला देकर पालिका व शासन को लाखों रुपए का चूना लगा देते है। बहरहाल कारण चाहे भी हो लेकिन शहर विकास के साथ जहां आबादी क्षेत्र बढ़ रहा है, वहीं रिहायशी मकानों का व्यवसायिक उपयोग होने लगा है।




### पालिका से नहीं लेते अनुमति

जिले की पालिका परिषद के अलावा नगर पंचायतो में भी रिहायसी एवं कर्मिशयल दुकान बनाने के संबंध में आवश्यक अनुमति संबंधित मकान के मालिक को लेनी पड़ती है, लेकिन मकान के मालिक रिहायसी बनाने की अनुमित लेकर मकान का व्यवसायीकरण करके पालिका को लाखों रुपए का चूना लगा रहे है। शहर में समेकित कर, जलकर सहित अन्य कर की वसूली पालिका परिषद के द्वारा की जाती है, वही कई लोग तो हर साल टैक्स भी नही पटाते है, जिसके चलते भी पालिका को नुकसान उठाना पड़ता है। इस संबंध में पालिका प्रशासन भी गंभीर नजर नहीं आ रहा है।

### की जाएगी कार्यवाही

शहर के रिहायशी मकान का व्यवसायीकरण नहीं किया जाना है। इसे लेकर आदेश दिया गया है। मामला सामने आने पर कार्रवाई की जाएगी।

**विक्रांत भगत,** सीएमओ
नपा जांजगीर-नैला

## सरपंच पति पर जानलेवा हमला, आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नवागढ़

सरकारी जमीन से अतिक्रमण हटाने की बात को लेकर हुए विवाद में एक व्यक्ति ने सरपंच पति पर फावड़े से जानलेवा हमला कर दिया। घटना के बाद नवागढ़ पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है। पुलिस के अनुसार, ग्राम किरीत निवासी राजन पात्रे ने रिपोर्ट दर्ज कराई कि 14 जुलाई को वह सचिव के साथ किरनेश चाईस सेंटर में तालाब ठेका संबंधी निविदा सूचना जारी कराने गया था। वहां गांव का संतोष साहू मिला, जिसने गोठान के पास सरकारी जमीन पर कथित रूप से अवैध कब्जा कर रखा है। पंचायत की ओर से उसे अतिक्रमण हटाने के लिए तीन बार नोटिस जारी किए जाने की बात पर वह भड़क गया। संतोष साहू ने गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की धमकी दी और अपने पास रखे फावड़े से राजन पात्रे के सिर पर वार कर दिया। घटना की सूचना पर पुलिस ने आरोपी संतोष साहू उम्र 52 वर्ष निवासी ग्राम किरीत को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

### नाबालिग से दुष्कर्म,आरोपी चढ़ा पुलिस के हत्थे

**जांजगीर-चांपा।** इंस्टाग्राम के माध्यम से दोस्ती कर नाबालिग को शादी का झांसा देकर दुष्कर्म करने वाले आरोपी को पामगढ़ पुलिस गिरफ्तार कर लिया। पामगढ़ थाना क्षेत्र के चंण्डीपारा निवासी सागर रात्रे उम्र 27 वर्ष की नाबालिग से इंस्टाग्राम पर दोस्ती हुई। उसने शादी का झांसा देकर नाबालिग के साथ अनाचार किया। पीड़िता की शिकायत पर पामगढ़ पुलिस ने अपराध दर्ज कर विवेचना शुरू की गई। मामले में पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को उसके गांव चंण्डीपारा से गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेज दिया है।

## जुआ फड़ पर पुलिस की दबिश, 9 जुआरी पकड़े गए

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

- 29 हजार रुपए नगदी व ताश पत्ती जब्त

जुआ एवं सट्टे के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अकलतरा पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए ग्राम तरौद में जुआ खेल रहे 9 लोगों को रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। आरोपियों के कब्जे से कुल 29 हजार रुपये नकद एवं ताश की पत्तियां बरामद की गई हैं।

पुलिस अधीक्षक विजय कुमार पाण्डेय के निर्देशन में जिलेभर में जुआ एवं सट्टा गतिविधियों पर लगातार अंकुश लगाने के लिए अभियान चलाया जा रहा है। इसी क्रम में थाना अकलतरा पुलिस को सूचना मिली कि ग्राम तरौद में कुछ लोग जुआ खेल रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी भास्कर शर्मा के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 18 जुलाई की देर शाम दबिश दी और मौके से 9 जुआरियों को पकड़ लिया। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से 29 हजार रुपये नगद एवं ताश की पत्तियां जब्त कर सभी के विरुद्ध जुआ अधिनियम के तहत वैधानिक कार्रवाई की है। पकड़े गए जुआरियों में चित्र विजय सिंह उम्र 42 वर्ष निवासी जोगीडिपा, उमाशंकर साहू उम्र 37 वर्ष निवासी किरारी, विनोद कुमार पाटले उम्र 50 वर्ष निवासी अमरताल, अरविंद कुमार यादव उम्र 40 वर्ष निवासी मुड़पार, पवन कुमार जोगी उम्र 40 वर्ष, कुमार गौरव नोरगे उम्र 40 वर्ष, अजय रात्रे उम्र 30 वर्ष, एकलव्य दिनकर उम्र 21 वर्ष निवासी मुरलीडीह तथा फिरथ सूर्यवंशी उम्र 32 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15 अकलतरा शामिल हैं। इस कार्रवाई में थाना प्रभारी भास्कर शर्मा सहित पुलिस स्टाफ का योगदान रहा।



पकड़े गए जुआरी व जब्त रकम।

लगातार हुई बारिश से टूट गया था बांध का पार, घर और खेतों में घुसा था पानी

# तीसरे दिन थमा करनाला बांध का बहाव

हरिभूमि न्यूज ⏭ अकलतरा

ग्राम कोटमी सोनार स्थित कर्रानाला बांध में मेड़ कटने के बाद शुरू हुआ पानी का तेज बहाव जल संसाधन विभाग तीसरे दिन जाकर जैसे-तैसे रोक पाया। लगातार तीन दिनों तक बांध से पानी बहने के कारण बड़े अमेरी और छोटे अमेरी के कई परिवार प्रभावित हुए। प्रशासन ने एहतियात के तौर पर प्रभावित परिवारों को स्कूल में बनाए गए राहत शिविर में ठहराया था। हालांकि अब भी कई घरों में कीचड़ और पानी भरा हुआ है, जिससे लोगों का सामान्य जनजीवन पूरी तरह पटरी पर नहीं लौट पाया है।

बांध से निकले पानी के कारण किसानों की खेतों में खड़ी फसल भी जलभराव की चपेट में आकर खराब हो गई है। प्रभावित किसानों ने नुकसान का आकलन कर शीघ्र मुआवजा देने की मांग की है। ग्रामीणों ने जल संसाधन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हुए कहा कि यदि इतने बड़े बांध की निगरानी के लिए एक टाइमकीपर या कर्मचारी की नियमित तैनाती होती तो स्थिति बिगड़ने से पहले ही आवश्यक कदम उठाए जा सकते थे। ग्रामीणों ने बताया कि कर्रानाला बांध के सुदृढ़ीकरण के लिए एक करोड़ रुपये से अधिक की राशि स्वीकृत हो चुकी है और टेंडर प्रक्रिया भी पूरी हो गई थी, लेकिन विभागीय उदासीनता के कारण समय पर निर्माण कार्य शुरू नहीं किया गया। इसी बीच बारिश शुरू होने से यह स्थिति निर्मित हुई। बांध के कटाव को रोकने के लिए जल संसाधन विभाग ने मशीनों की सहायता से रेत, डस्ट, मिट्टी तथा अन्य संसाधनों का उपयोग कर क्षतिग्रस्त हिस्से की मरम्मत की और तीसरे दिन रविवार 19 जुलाई को पानी के बहाव को नियंत्रित करने में सफलता हासिल की।



बांध का निरीक्षण करते अधिकारी।

### मगरमच्छों के बाहर निकलने की आशंका

ग्रामीणों के अनुसार कर्रानाला बांध में बड़ी संख्या में मगरमच्छ निवास करते हैं। बांध से तेज बहाव के कारण कई मगरमच्छ आसपास के नालों, खेतों और तालाबों में पहुंच गए होने की आशंका जताई जा रही है। इसे देखते हुए प्रशासन ने ग्रामीणों और किसानों से खेतों, नालों तथा जलभराव वाले क्षेत्रों में काम करते समय विशेष सावधानी बरतने की अपील की है। साथ ही किसी भी स्थान पर मगरमच्छ दिखाई देने पर तत्काल वन विभाग अथवा प्रशासन को सूचना देने का आग्रह किया गया है।

## 70 साल पुरानी जमीन पर फर्जीवाड़ा, 19 लाख के फर्जी चेक से जमीन हड़पने की साजिश का खुलासा

**चांपा।** चांपा थाना क्षेत्र में करीब 70 साल पुरानी जमीन से जुड़े बड़े फर्जीवाड़े का मामला सामने आया है। पुलिस ने फर्जी मुख्तियारनामा, राजस्व रिकॉर्ड में छेड़छाड़ और फर्जी चेक के जरिए करोड़ों रुपये मूल्य की जमीन हड़पने की कथित साजिश का खुलासा करते हुए संदीप ठाकुर, संतोष यादव सहित अन्य आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस के अनुसार चांपा निवासी पुरुषोत्तम सोनी ने शिकायत दर्ज कराई कि उनके दादा गोकुल सोनी के नाम ग्राम चांपा में खसरा नंबर 958 की 5 डिसमिल जमीन वर्ष 1954-55 से दर्ज थी। आरोप है कि वर्ष 1985-86 में तहसील कार्यालय के कुछ अधिकारी-कर्मचारियों ने राजस्व रिकॉर्ड में छेड़छाड़ कर इस जमीन को महासमुंद जिले के मल्दामाल निवासी गोकुल भोई के नाम फर्जी तरीके से दर्ज कर दिया। जांच में सामने आया कि नवंबर-दिसंबर 2025 में संतोष यादव और संदीप ठाकुर महासमुंद जाकर गोकुल भोई से मिले और उसे यह कहकर झांसा दिया कि चांपा में उसकी 15 डिसमिल जमीन है, जिसके बदले उसे 19 लाख रुपये दिए जाएंगे। पहले मना करने के बावजूद आरोपियों ने 12 जनवरी 2026 को उसे सारंगढ़ उप पंजीयक कार्यालय ले जाकर मुख्तियारनामा बनवा लिया। इसके बाद 19 फरवरी 2026 को मुख्तियारनामा के आधार पर उक्त जमीन की रजिस्ट्री संदीप ठाकुर के नाम 77.79 लाख रुपये में कर दी गई। बदले में गोकुल भोई को 19,22,201 रुपये का एचडीएफसी बैंक का चेक दिया गया, लेकिन वह बैंक से भुगतान योग्य नहीं निकला। लेकिन वह बैंक से भुगतान योग्य नहीं निकला। पुलिस ने प्रारंभिक जांच में फर्जी दस्तावेज तैयार कर धोखाधड़ी के माध्यम से संपत्ति हड़पने की साजिश पाए जाने पर संदीप ठाकुर, संतोष यादव एवं अन्य आरोपियों के खिलाफ अपराध दर्ज कर लिया है।

## खबर संक्षेप

### राष्ट्रीय पुरस्कार हेतु आनलाईन आवेदन 31 तक

**कोरबा।** केंद्र सरकार सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग से द्वारा 3 दिसम्बर अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगजन दिवस के अवसर पर दिव्यांगजनों के सशक्तिकरण के लिये राष्ट्रीय पुरस्कार प्रदान किया जायेगा, इसका प्रमुख उद्देश्य दिव्यांगजन सशक्तिकरण के क्षेत्र में किये गये शानदार कार्यो एवं बेहतरीन उपलब्धियों को पहचानना एवं उन्हें सम्मान देना हैं, इस राष्ट्रीय पुरस्कार का मकसद उन लोगों, संस्थाओं, संगठनों, एम्प्लायर्स और दूसरे स्टेक होल्डर्स को बढ़ावा देना हैं, जिन्होने दिव्यांग लोगों के लिये समावेशी और आसान समाज बनाने में अपना अहम योगदान दिया है, यह राष्ट्रीय पुरस्कार अलग-अलग केटेगरी में प्रदान किये जाते हैं, जिनमें एम्पावरमेंट रिहैबिलिटेशन एजुकेशन स्किल डेवलपमेंट, रोजगार सृजन, एक्सेसिबिलिटी, रिसर्च और इनोवेशन स्पोर्टस, आर्टस, लिटरेचर और दूसरी संबंधित केटेगरियां शामिल हैं। इस राष्ट्रीय पुरस्कार के लिये एपलिकेशन नॉमिनेशन सिर्फ राष्ट्रीय पुरस्कार पोर्टल पर आनलाईन मोड से मंगाये गये हैं, आनलाईन नॉमिनेशन एपलिकेशन 15 मई से शुरू हो गये हैं तथा इसकी आखिरी तारीख 31 जुलाई है।

### करोड़ों की शासकीय भूमि पर अवैध कब्जा छोटे कर्मचारियों को बनाया जा रहा निशाना



**कोरबा।** जल संसाधन विभाग की माचाडोली स्थित 16 ब्लॉक कॉलोनी सहित अन्य विभागीय कॉलोनियों में इन दिनों शासकीय भूमि पर अवैध कब्जों और रसूखदारों द्वारा किए जा रहे पक्के निर्माणों का एक बड़ा मामला सामने आया है। आश्चर्य की बात यह है कि जहाँ एक ओर रसूखदार, रेंटेड (बाहरी) लोग और भू-माफिया विभाग की बेशकीमती जमीनों पर बिना किसी अनुमति के धड़ल्ले से बड़े-बड़े पक्के मकान और व्यावसायिक निर्माण तान रहे हैं, वहीं दूसरी ओर विभाग के ही उन छोटे कर्मचारियों को दुर्भावनापूर्वक निशाना बनाया जा रहा है जो नियमों के तहत लीज आवंटन की प्रक्रिया पूरी कर रहे हैं। सूत्रों से मिली जानकारी के अनुसार, माचाडोली कॉलोनी के भीतर दर्जनों ऐसे रसूखदार और बाहरी तत्व सक्रिय हैं, जिन्होंने जल संसाधन विभाग की भूमि पर अवैध रूप से बड़े निर्माण कार्य कर लिए हैं। अब अपने इन अवैध कब्जों को छुपाने और प्रशासन का ध्यान भटकाने के लिए, ये तत्व समाचार पत्रों में भ्रामक और एकतरफा खबरें छपवाकर दबाव बनाने की राजनीति कर रहे हैं। हाल ही में विभाग के एक ऐसे कर्मचारी के आंशिक निर्माण को निशाना बनाया गया, जिसने बकायदा विभाग के समक्ष अपनी आवास समस्या को लेकर लीज आवंटन का आवेदन दे रखा है और मामला प्रक्रियाधीन है।

### अब मेडिकल अनफिट कर्मी के आश्रित का नहीं होगा नियोजन

**कोरबा।** कोल इंडिया में मेडिकल अनफिट यानी 9.4.0 के आधार पर कोलकर्मियों के आश्रितों को नौकरी देने का रास्ता अब बंद हो गया है। एनसीडब्ल्यूए के खंड 9.4.0 को पुनः लागू करना संभव नहीं है, जो स्थायी रूप से विकलांग कर्मचारी के आश्रितों को रोजगार प्रदान करने से संबंधित है। कोल इंडिया व एससीसीएल के लिए 10वें वेतन समझौते के तहत निर्दिष्ट बीमारियों से पीड़ित कर्मचारियों को उनके वेतन की 50 प्रतिशत राशि तब तक दी जाती रहेगी, जब तक कि उन्हें चिकित्सकीय रूप से फिट घोषित नहीं कर दिया जाता है।

### भारी वाहनों के बीच स्कूल जाने को मजबूर हैं छात्र

**कोरबा।** जिले के विजय वेस्ट कोयला परियोजना क्षेत्र में सड़क की बदहाल स्थिति अब स्कूली बच्चों की सुरक्षा के लिए गंभीर खतरा बन गई है। केंदई क्षेत्र के पंडो जनजाति के बच्चे रोजाना इसी जर्जर और भारी वाहनों से भरे मार्ग से बीजाडांड़ मिडिल स्कूल पढ़ने जाने को मजबूर हैं। लगातार बारिश के कारण सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे बन गए हैं, जिनसे भारी वाहनों की आवाजाही से हर दिन जाम की स्थिति बनी रहती है। सड़क के गड्ढों में भारी वाहनों के फंसने से हादसों का खतरा हमेशा बना रहता है। इन्हीं जर्जर सड़कों से निजी कोयला खदान के भारी वाहन आवागमन करते हैं और इन्हीं के बीच सैकड़ों स्कूली बच्चे रोजाना आना जाना करते हैं। भारी वाहनों के गड्ढों में फंसने के कारण एक तरफ झुकने से हमेशा हादसों का खतरा बना रहता है। सड़क का मरम्मत नहीं होने से कई बार कोयला लदी गाड़ियों के फंसने के कारण जाम की स्थिति बनी रहती है। ग्रामीणों का आरोप है कि विजय वेस्ट खान प्रबंधन लगातार शिकायतों के बावजूद आंखें मूंदे बैठा है और किसी बड़ी दुर्घटना का इंतजार कर रहा है। लोगों ने प्रशासन और जिला प्रशासन से तत्काल सड़क की मरम्मत, गड्ढों को भरने, भारी वाहनों के संचालन को नियंत्रित करने की मांग की है।

## जेल से छूटने के बाद तीनों आरोपियों ने बनाई थी लूट की योजना

# राज ज्वेलर्स डकैती कांड का फरार तीसरा मास्टरमाइंड कर्नाटक में हुआ गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटघोरा

छुरी स्थित राज ज्वेलर्स में दिनदहाड़े हुई सनसनीखेज डकैती मामले में कटघोरा पुलिस ने लूट के मास्टरमाइंड और फरार तीसरे आरोपी आरोपी विष्णु राठिया को कर्नाटक से गिरफ्तार किया गया। आरोपी विष्णु राठिया श्यांग थाना क्षेत्र के ग्राम जिल्गा का रहने वाला है और लंबे समय से पुलिस की गिरफ्त से फरार चल रहा था। आरोपी को कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच कोरबा लाया गया है। इस गिरफ्तारी के साथ ही पुलिस को मामले में कई महत्वपूर्ण सुराग मिलने की उम्मीद है।

**खास बात**

- लूटकांड के दो आरोपियों से पहले ही बरामद किया जा चुका है लूट का मामला

जानकारी के अनुसार आरोपी विष्णु राठिया ने अपने दो साथियों के साथ मिलकर पूरी डकैती की योजना बनाई थी। वारदात को अंजाम देने के दौरान वह लड़की के भेष में राज ज्वेलर्स पहुंचा था, ताकि किसी को उस पर संदेह न हो। इसके बाद तीनों आरोपियों ने मिलकर दिनदहाड़े डकैती की घटना को अंजाम दिया और मौके से फरार हो गए। इस मामले में पुलिस पहले ही दो आरोपियों को गिरफ्तार कर चुकी थी। पूछताछ और तकनीकी जांच के आधार पर तीसरे आरोपी विष्णु राठिया की तलाश लगातार जारी थी। जांच में सामने आया कि तीनों आरोपी पहले जेल में बंद रह चुके थे, जहां उनकी दोस्ती हुई। जेल से रिहा होने के बाद उन्होंने आर्थिक लाभ के लिए डकैती की योजना बनाई और उसे अंजाम दिया।

पुलिस जांच के दौरान डकैती में लूटा गया सामान धरमजयगढ़ क्षेत्र से बरामद कर लिया गया। वहीं फरार आरोपी विष्णु राठिया गिरफ्तारी से बचने के लिए कर्नाटक के श्री सत्य साईं जिले के हिंदुपुरम स्थित एक कंपनी में छिपकर काम कर रहा था। कटघोरा पुलिस ने साइबर सेल की मदद से आरोपी की लोकेशन ट्रेस की। इसके बाद पुलिस टीम ने कर्नाटक पहुंचकर स्थानीय पुलिस के सहयोग से आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने आरोपी विष्णु राठिया पर अपराध क्र 237/26 धारा 309(6), 61 (2), (ए) बीएनएस, 25 आर्म्स एक्ट में उक्त कार्यवाही की है। गिरफ्तारी के बाद उसे ट्रांजिट प्रक्रिया पूरी कर कोरबा लाया गया। जहां उससे डकैती से जुड़े अन्य पहलुओं और संभावित नेटवर्क के संबंध में पूछताछ की जाएगी। कटघोरा पुलिस की इस कार्रवाई को डकैती कांड के खुलासे में बड़ी सफलता माना जा रहा है। तीनों आरोपियों की गिरफ्तारी के साथ ही इस बहुचर्चित मामले का लगभग पूरा खुलासा हो गया है।

**तकनीकी इनपुट के आधार पर हुई गिरफ्तारी**

पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ तिवारी ने कटघोरा थाना में आयोजित पत्रकार वार्ता में आरोपी की गिरफ्तारी की पुष्टि करते हुए बताया कि विशेष टीम ने लगातार प्रयास और तकनीकी इनपुट के आधार पर यह सफलता हासिल की है। उन्होंने कहा कि मामले की जांच जारी है और पूछताछ के आधार पर आगे भी आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।राज ज्वेलर्स लूटकांड की शुरुआत से ही यह मामला जिले में चर्चा का विषय बना हुआ था।

# अवैध शराब बेचने पर 10 हजार और पीने पर लगेगा 5 हजार का जुर्माना



ग्राम पंचायत के जनप्रतिनिधि व गांव की महिलाएं।

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

राम पंचायत झाबर को नशा मुक्त ग्राम बनाने की दिशा में सराहनीय मुहिम की शुरुआत की है। दीपका थाना प्रभारी के निर्देशन में ग्राम पंचायत झाबर में एक विशेष सभा का आयोजन किया गया। बैठक में पुलिस प्रशासन के अधिकारियों और ग्रामीणों ने मिलकर गांव से नशे की बुराई को जड़ से उखाड़ फेंकने का सामूहिक संकल्प लिया और कड़े नियम लागू करने पर सहमति जतायी।

गाँव को नशा मुक्त करने के लिए सभा में सर्वसम्मति से प्रस्ताव पारित कर भारी जुर्माने का प्रावधान किया गया है। साथ ही यदि कोई व्यक्ति गाँव में शराब या अन्य कोई नशीला पदार्थ बेचते या बनाते पाया गया तो उस पर 10 हजार रुपये का जुर्माना लगाया जाएगा। नशीले पदार्थों के खरीदारों पर भी 5 हजार रुपये का जुर्माना तय की गई है। गाँव के किसी भी आम या सार्वजनिक स्थान पर नशा करते या शराब पीते पकड़े जाने पर 5 हजार रुपये का जुर्माना भी वसूला जाएगा। निर्णायक बैठक में दीपका थाना प्रभारी प्रेमचंद साहू, प्रशिक्षु उपनिरीक्षक निखिल देवांगन, आरक्षक अंकित पांडे, मुकेश यादव, ग्राम पंचायत के सरपंच रामसिंह कंवर सहित पंच शनि कंवर पंच देवनाथ विश्वकर्मा पंच प्रमोद कौशिक और पूर्व उप सरपंच मुकेश जायसवाल मुख्य रूप से उपस्थित रहे। इसके अलावा अनूप कंवर, गणेश सिंह उइके, अशोक कंवर, भूपेंद्र पटेल, विष्णु उरांव, सतेंद्र सिंह, रंजीत सिंह, अहिल्या उईके, कौशल्या मरपच्ची, ललिता कंवर, फुल बाई, आरती यादव सहित ग्रामीण उपस्थित रहे।

**खास बातें**

- ग्राम पंचायत झाबर को पूर्ण नशा मुंक्त बनाने का लिया गया संकल्प
- पुलिस के सहयोग से निगरानी के लिए महिला कमांडर समिति का हुआ गठन

**महिला कमांडर समिति करेगी निगरानी**

इन नियमों का कड़ाई से पालन कराने और गाँव में अवैध गतिविधियों पर पैनी नजर रखने के लिए एक महिला कमांडर समिति का गठन किया गया है इस समिति की कमान सर्वसम्मति से नोनीबाई कंवर को अध्यक्ष, राधा बाई महंत को उपाध्यक्ष एवं शेषमति पटेल को सचिव बनाया गया है। यह महिला कमांडो टीम पुलिस प्रशासन के समन्वय से गाँव में गश्त और निगरानी का जिम्मा संभालेगी।

# चिर्रा सबस्टेशन का ट्रांसफार्मर 10 दिन से खराब, दर्जनों गांव अंधेरे में डूबे



फाइल फोटो

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

ग्राम पंचायत चिर्रा स्थित सबस्टेशन में लगे पॉवर ट्रांसफार्मर पिछले 9-10 दिनों से खराब पड़ा है। ट्रांसफार्मर खराब होने से चिर्रा से शयंग तक के 8 से 10 गांवों में बिजली आपूर्ति पूरी तरह ठप है। यह क्षेत्र वनांचल में आता है, जहां हाथी सहित अन्य जंगली जानवरों का लगातार आतंक रहता है। अंधेरा और बारिश के कारण ग्रामीण खासकर रात में दहशत में जी रहे हैं। बिजली नहीं होने से बोर और नल भी नहीं चल पा रहे। इससे पेयजल संकट गहरा गया है और ग्रामीणों को पानी के लिए भटकना पड़ रहा है। जनपद सदस्य एवं ग्रामीणों ने बताया कि इस संबंध में कई बार बिजली विभाग के कार्यालय में शिकायत की गई, लेकिन हर बार अधिकारियों द्वारा एक दो दिन में नया ट्रांसफार्मर आ जाएगा कहकर टाल दिया जा रहा है हालांकि अब तक नया ट्रांसफार्मर नहीं पहुंचा है। ग्रामवासियों ने जिला प्रशासन और विद्युत विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से मांग की है कि जल्द से जल्द नया ट्रांसफार्मर लगाकर बिजली बहाल की जाए, ताकि उन्हें इस समस्या से राहत मिल सके।

# धारदार हथियार के साथ दो युवक गिरफ्तार

**कोरबा।** कोतवाली थाना क्षेत्र अंतर्गत सार्वजनिक स्थान पर धारदार हथियार लेकर घूम रहे दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों युवकों के द्वारा लोगों में दहशत फैलाने और राहगीरों को डराने-धमकाने का आरोप लगा। पुलिस ने उनके कब्जे से एक धारदार हथियार जब्त किया है। पुलिस को सूचना मिली थी कि आसिफ कुरैशी और विशाल कंवर खुलेआम धारदार हथियार लेकर घूम रहे हैं। सूचना मिलते ही कोतवाली पुलिस की टीम ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तारी के बाद दोनों आरोपियों के खिलाफ आर्म्स एक्ट का मामला दर्ज किया है। मामले में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक लखन पटले ने बताया कि सूचना मिलते ही त्वरित कार्रवाई कर दोनों आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। उन्होंने बताया कि शहर में शांति और कानून व्यवस्था बनाए रखना पुलिस की प्राथमिकता है और आम लोगों को डराने-धमकाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।



आरोपी।

# प्रशासन की जांच में पीडीएस दुकान में मिली कई खामियां

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

पोड़ी उपरोड़ा विकासखंड अंतर्गत आने वाले पसान तहसील के पीडीएस दुकान में हितग्राहियों को कम राशन और कभी कभी अंगूठा लगवाकर राशन नहीं मिलने की शिकायत के मामले में नायब तहसीलदार द्वारा शुरू की गई जांच में शिकायतें सही मिल रही हैं।

जांच के दौरान स्टॉक रजिस्टर में अनियमितताएं, ओवर स्टॉक की पुष्टि और कम मात्रा में राशन तौलने के आरोप सामने आए। जांच के दौरान शिकायतकर्ताओं के बयान भी दर्ज किए गए। जांच के दौरान एक शिकायतकर्ता ने बयान दर्ज कराते हुए आरोप लगाया कि राशन कार्ड में नाम जोड़ने के लिए उससे 1000 रुपये लिए गए थे। शिकायत को जांच का हिस्सा बनाया गया है। जांच के दौरान यह आरोप भी सामने आया कि कुछ हितग्राहियों से ई-पॉस मशीन में अंगूठा लगवाया गया, लेकिन उन्हें राशन नहीं दिया गया। जांच के दौरान कुछ स्थानीय व्यापारी राशन दुकान संचालक के समर्थन में पहुंचे। इसके बाद क्षेत्र में यह चर्चा तेज हो गई कि क्या सरकारी राशन का अनाज इन्हीं व्यापारियों के यहां खपाया जाता था? हालांकि इस संबंध में फिलहाल कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है और जांच जारी है। दूर दराज के ग्रामीण अंचलों में चलने वाली पीडीएस दुकानों में कभी खाद्यान्न भंडारण नहीं होने तो कभी कम भंडारण की शिकायतें लगातार सामने आते रही हैं। कुछ दुकानों में दो माह का राशन अभी भी एक साथ नहीं दिया गया है। ऐसे मामलों की जांच एसडीएम पोड़ी उपरोड़ा के निर्देश पर क्षेत्र में चल रही है।

# इलाहाबाद बैंक के चेक बाउंस प्रकरण में आरोप दोषसिद्ध

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी श्रीमती सोनी तिवारी की अदालत ने परक्राम्य लिखत अधिनियम, 1881 की धारा 138 के अंतर्गत लंबित आपराधिक प्रकरण क्रमांक 204/2020 में निर्णय पारित करते हुए अजय कुमार साहू को दोषी ठहराया है।

प्रकरण के अनुसार, इलाहाबाद बैंक, शाखा तिलकेजा द्वारा आरोपी को व्यवसाय हेतु 90 हजार का ऋण प्रदान किया गया था। ऋण की अदायगी में चूक होने पर आरोपी का ऋण खाता एनपीए घोषित हो गया। इसके पश्चात आरोपी ने बैंक के पक्ष में 76 हजार का चेक जारी किया, जो बैंक में प्रस्तुत किए जाने पर अपर्याप्त निधि के कारण अनादरित हो गया। बैंक द्वारा विधिक नोटिस भेजे जाने के बावजूद आरोपी ने निर्धारित अवधि में भुगतान नहीं किया, जिसके बाद न्यायालय में परिवाद प्रस्तुत किया गया। विचारण के दौरान परिवादी बैंक की ओर से दस्तावेजी साक्ष्य एवं गवाह प्रस्तुत किए गए, जबकि आरोपी अपने बचाव में कोई प्रभावी साक्ष्य प्रस्तुत नहीं कर सका। उपलब्ध साक्ष्यों एवं अभिलेखों के आधार पर न्यायालय ने आरोपी को दोषी मानते हुए परक्राम्य लिखत अधिनियम की धारा 138 के तहत 6 माह के साधारण कारावास से दंडित किया।

**खास बात**

- न्यायालय ने 6 माह का करावास व 1 लाख 23 हजार रुपए प्रतिकर देने का दिया आदेश

# पीएम पोषण अभियान, एक बार ही हुआ मिड डे मिल का टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ⏭ कोरबा

स्कूलों में दिए जाने वाले नाश्ता और मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए पीएम पोषण अभियान के अंतर्गत अब तक एक बार ही मिड डे मिल और नाश्ते की खाद्य सामग्री की जांच की गई है। इसके बाद से टीम का यह अभियान बंद पड़ा हुआ है।

पीएम पोषण अभियान के तहत स्कूलों में बच्चों को दिए जाने वाले मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता किस स्तर की है। पौष्टिक आहार दिया जा रहा है या नहीं ऐसे पौष्टिक पदार्थों की जांच के लिए स्कूलों में जांच टीम पहुंचकर पौष्टिक पदार्थों का सेंपल ले रही थी। टीम में स्कूल शिक्षा विभाग के सदस्य शिक्षकों के अलावा स्वास्थ्य एवं औषधि सुरक्षा विभाग के अधिकारी शामिल थे। इस टीम के द्वारा वर्ष 2025 के अप्रैल महीने में शहरी क्षेत्र के पीडब्ल्यूडी और अंधरीकछार स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाए जाने वाले स्थल का निरीक्षण किया था और उपयोग की जाने वाली खाद्य सामग्री का भी सेंपल लेने का काम किया था। टीम के दौरे से स्कूल में मध्यान्ह भोजन बनाने वाली महिला समूह में हड़कंप मचा था। अप्रैल महीने में जांच के बाद जब नए शिक्षण सत्र की शुरुआत हुई उस दौरान मिड डे मिल की जांच पड़ताल का अभियान नहीं शुरू हुआ। 2026 शिक्षण सत्र की शुरुआत हो गई है और अभी भी टीम ने ऐसे स्कूलों में पहुंचना मुनासिब नहीं समझा।



### बारिश का मौसम स्वच्छता की दरकार

मध्यान्ह भोजन स्थल को लेकर हमेशा सवाल उठते रहे हैं। विशेषकर स्वच्छता को लेकर। बीते वर्ष नगर निगम के द्वारा जब स्वच्छता सर्वेक्षण को लेकर स्कूलों का निरीक्षण किया गया था, उस दौरान मध्यान्ह भोजन बनाए जाने वाले स्थलों का भी अवलोकन किया गया। तब साफ सफाई के निर्देश दिए गए थे। इसके साथ ही मध्यान्ह भोजन को खुले में नहीं तैयार करने के निर्देश दिए गए थे। वर्तमान में कई ऐसे स्कूल हैं जहां शेड के नीचे ही मध्यान्ह भोजन बनाया जा रहा है। जबकि मध्यान्ह भोजन कक्ष के निर्माण के लिए राशि भी जारी हुई है। मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने के लिए केवल जिला स्तर पर ही टीम का गठन किया गया है। एक टीम के भरोसे जिले के डेढ़ हजार से अधिक स्कूलों की मध्यान्ह भोजन की गुणवत्ता जांचने की जिम्मेदारी है।

### जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट चयन 21 को

**कोरबा।** 17 से 19 जुलाई तक सीबीएसई क्लस्टर चैंपियनशिप आयोजित होने के कारण राज्य स्तरीय जूनियर बैडमिंटन रैंकिंग टूर्नामेंट अंडर 19 (बालक एवं बालिका) के चयन की तिथि में परिवर्तन किया गया है। जो अब 21 जुलाई को दोपहर 3 बजे एकलव्य स्पोर्ट्स एरिना, कोरबा में होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने के लिए पंजीयन की 19 जुलाई अंतिम तिथि है। सभी अंडर-19 बालक एवं बालिका खिलाड़ियों से समय पर अपने पहचान पत्र एवं स्पोर्ट्स किट के साथ उपस्थित होने कहा गया है।

न्यायालय :- स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा, प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी डभरा, जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)

//ईश्तहार //

व्यवहार वाद प्रकरण क्रमांक 14 अ/2018
पेशी दिनांक 04-08-2026

पक्षकार : -

झनकराम ......वादी

-//विरूद्ध //-

ललीताबाई ......प्रतिवादीगण

प्रति,

1-धुरकोटहीन बेवा मुकुतराम उम्र 68 वर्ष निवासी बाड़ादरहा तहसील डभरा जिला सक्ती, छत्तीसगढ 2-बुंदरी वल्द लोधु निवासी फगुरम तहसील अड़भार, मालखरौदा जिला सक्ती, छत्तीसगढ 3-टेटकी वल्द नामालूम निवासी ग्राम लटियाडीह तहसील डभरा जिला सक्ती, छत्तीसगढ

इस ईश्तहार के जरिये आप प्रतिवादी को सूचित किया जाता है कि इस न्यायालय मे उपर लिखित वाद 14 अ/2018 में प्रतिवादी के विरूद्व वाद पेश है।

उक्त प्रकरण प्रतिवादीगण क्र.1 धुरकोटहीन बेवा मुकुतराम, क्र.2 बुंदरी वल्द लोधु, क्र.3 टेटकी वल्द नामालूम सभी साकिन की उपस्थिति हेतु लंबित है। उक्त प्रकरण की सुनवाई दिनांक 04.08.2026 को नियत किया गया है, अतः आपको सूचित किया जाता है कि यदि उक्त प्रकरण मे आपका हित सम्मिलित हो तो आप पेशी दिनांक 04.08.2026 को स्वयं अथवा अपने अधिवक्ता के माध्यम से प्रथम व्यवहार न्यायालय वरिष्ठ श्रेणी डभरा के न्यायालय में ठीक 11.00 बजे उपस्थित होकर अपना आपत्ति/लिखित कथन प्रस्तुत करें अन्यथा प्रकरण की सुनवाई एवं निराकरण आपके अनुपस्थित मे ही किया जावेगा।

यदि किसी कारण वश उपरोक्त सुनवाई तिथि 04.08.2026 को सार्वजनिक अवकाश घोषित हो जाता है अथवा कार्य स्थगित हो जाता है तो अगली कार्य-दिवस को प्रकरण की सुनवाई किया जावेगा।

आज दिनांक 04.08.2026 को मेरे हस्ताक्षर एवं न्यायालय के मुहर लगाकर जारी किया गया।


(स्मिता श्रीवास्तव सिन्हा)
प्रथम व्यवहार न्यायाधीश वरिष्ठ श्रेणी डभरा
जिला-जांजगीर चांपा (छ.ग.)


TOP IN JANJGIR
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2026-27
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
| --- | --- | --- | --- |
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | B. PHARMA, D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 4 & 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742





# ‘द इंडिया स्टोरी’ 24 को सिनेमाघरों में देगी दस्तक

**मुंबई।** काजल अग्रवाल और श्रेयस तलपड़े की फिल्म ‘द इंडिया स्टोरी’ काफी समय से चर्चा में हैं। पिछले महीने निर्माताओं ने इसका टीजर और पोस्टर जारी किए थे, जिसने रोजमर्रा की जिंदगी को प्रभावित करने वाले विषय को जनता के सामने लाने का संकेत दिया था। जी स्टूडियोज और एमआईजी प्रोडक्शन एंड स्टूडियोज द्वारा निर्मित फिल्म का निर्देशन चेट्टन डीके ने किया है। फिल्म में काजल वकील के किरदार में हैं, जबकि श्रेयस एक लाचार पिता के रूप में बेटी के लिए न्याय की लड़ाई लड़ रहा है। फिल्म 24 जुलाई को हिंदी, तेलुगु और तमिल में दुनियाभर के सिनेमाघरों में दस्तक देगी।

लाइफ Style

# प्रकृति

## दो साल में ही टूटा रिश्ता

एजेंसी ▶▶ मुंबई

‘सैयाराब’ सीरियल से मशहूर हुईं अभिनेत्री प्रकृति नौटियाल अपनी 2 साल पुरानी शादी को खत्म करने जा रही हैं। यह जोड़ा, जिसने 6 महीने के छोटे से रोमांस के बाद साल 2024 के वेलेंटाइन डे पर शादी की थी, अब अलग होने का फैसला कर चुका है। उनके बीच कुछ भी ठीक नहीं चल रहा था। उन्होंने आपसी सहमति से तलाक के लिए अर्जी दाखिल कर दी है और अब उनकी अगली कोर्ट की तारीख नवंबर में तय है।

***प्रकृति ने अगस्त 2024 में छोड़ा था घर :*** अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो ‘शहजादी है तू दिल की’ कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।

उन्होंने बताया था कि उन्हें महसूस हुआ कि मूल कहानी से बंधे रहना उन्हें सीमित कर रहा था। शो का अचानक बंद होना उन्हें बहुत दुखी कर गया था।’ उन्होंने कहा था, ‘यह वाकई निराशाजनक और दिल तोड़ने वाला था।’

अगस्त 2024 में प्रकृति घर छोड़कर चली गईं, जिसके बाद दोनों ने अपने रिश्ते को सौहार्दपूर्ण तरीके से खत्म किया। काम के मोर्चे पर उन्हें कुछ मुश्किलों का सामना करना पड़ा। मार्च में उनका शो ‘शहजादी है तू दिल की’ कम टीआरपी के कारण बंद हो गया था।



## हॉलीवुड मसाला



# द ओडिसी... का रिकॉर्ड तोड़ने को तैयार

**लॉस एंजिल्स।** क्रिस्टोफर नोलेन की नई फिल्म ‘द ओडिसी’ 17 जुलाई को भारत के सिनेमाघरों में दस्तक दे चुकी है और इसकी एडवांस बुकिंग में भी जबरदस्त हलचल देखी जा रही है। फिल्म के टिकट 150 रुपये से शुरू होकर प्रीमियम सीटों के लिए 3,400 रुपये तक जा रहे हैं। दर्शकों में फिल्म को लेकर कितनी दीवानगी है, इसका अंदाजा इसी से लगाया जा सकता है। होमर की क्लासिक कहानी से प्रेरित इस महाकाव्य एडवेंचर में मैट डैमन मुख्य भूमिका में हैं। जानकारों का मानना है कि यह फिल्म क्रिस्टोफर की पिछली ब्लॉकबस्टर ‘ओपेनहाइमर’ से भी बड़ी ब्लाकबस्टर फिल्म साबित होगी।



# गोलम की कास्टिंग पर एंडी सरकिज का दो टूक जवाब

**लॉस एंजिल्स।** ‘द हंट फॉर गोलम’ में मुख्य भूमिका निभा रहे एंडी सरकिज ने फिल्म की पूरी तरह से श्वेत कास्ट को लेकर हो रहे विरोध पर अपनी बात रखी है। उन्होंने बताया कि कास्टिंग टॉल्किन के मूल विजन के मुताबिक की गई है, जो नॉर्डिक पौराणिक कथाओं से प्रेरित है। एंडी ने कहा, ‘द शायर एक ऐसा इलाका है, जो पूरी तरह से श्वेत दिखता है। उन्हें शायर की सीमाओं से बाहर क्या हो रहा है, इसकी खास परवाह नहीं होती, लेकिन वे किसी भी बाहरी व्यक्ति को अंदर नहीं आने देना चाहते।’ हालांकि, उन्होंने यह भी साफ किया कि जहां जरूरी होगा, वहां इस मुद्दे पर जरूर ध्यान दिया जाएगा। ‘द हंट फॉर गोलम’ बिल्बो के जन्मदिन और फ्रोडो के शायर छोड़ने के बीच के 17 साल के अंतराल को दिखाती है।



# इस फिल्म से कहलाई थी एक्शन की रानी

**मुंबई।** अभिनेत्री कैटरीना कैफ 16 जुलाई, 2026 को 43 साल की हो गई हैं। फिलहाल वह बीते कुछ साल से सिनेमा से दूर चल रही हैं और अपना पूरा समय पति विक्की कौशल व बेटे विहान कौशल को दे रही हैं, लेकिन फैंस उनकी वापसी की राह तक रहे हैं। इस बीच, हम आपको कैटरीना की उस फिल्म के बारे में बताएंगे जिसने बॉक्स ऑफिस पर तबाही लाकर रख दी। लोगों ने अभिनेत्री को ‘एक्शन की रानी’ कहना शुरू कर दिया। यहां जिस फिल्म की बात हो रही है, उसका नाम ‘टाइगर जिंदा है’ (2017) है। यशराज फिल्म्स के स्पाई यूनिवर्स के बैनर तले बनी इस फिल्म में सलमान खान मुख्य किरदार में नजर आए थे। यह ‘टाइगर’ फ्रैंचाइजी की दूसरी कड़ी है, जिसमें कैटरीना ने अपने किरदार ‘जोया’ (पाकिस्तानी आईएसआई एजेंट) के रूप में दमदार वापसी की थी।



# सनी अपने बेटे राजवीर को बनाएंगे एक्शन हीरो

**मुंबई।** सनी देओल आगामी फिल्म ‘बटवारा 1947’ को लेकर चर्चा में हैं, जो अगले महीने 28 अगस्त को सिनेमाघरों में आएगी। इसमें उनके बेटे करण देओल भी अहम किरदार में नजर आने वाले हैं। इस बीच, खबर है कि सनी अपने दूसरे बेटे राजवीर देओल को दोबारा सिनेमा की दुनिया में उतारने की तैयारी में हैं। इसके लिए वह 1985 में रिलीज हुई अपनी सुपरहिट फिल्म ‘अर्जुन’ का सहारा लेंगे, जिसमें राजवीर बतौर हीरो नजर आ सकते हैं। सनी अपनी फिल्म ‘अर्जुन’ का रीमेक बनाने जा रहे हैं, जिसमें उनके दूसरे बेटे राजवीर मुख्य भूमिका में होंगे। राहुल रवैल द्वारा निर्देशित ये एक सामाजिक-राजनीतिक एक्शन ड्रामा थी। उन्होंने बताया कि फिल्म के अधिकार करीम मोरानी और उनके साथी सुनील (बंटी) सूरमा के पास थे।

## टीवी मसाला




# ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ की डेट का ऐलान, अमिताभ ही संभालेंगे कमान

**मुंबई।** मेगास्टार अमिताभ बच्चन कौन बनेगा करोड़पति सीजन 18 के साथ छोटे पर्दे पर वापसी करने के लिए पूरी तरह तैयार हैं। वह इस पॉपुलर क्विज शो के 18वें सीजन को होस्ट करते नजर आएंगे। नए सीजन में देश के अलग-अलग हिस्सों से आए कंटेस्टेंट्स का मशहूर ‘हॉट सीट’ पर स्वागत किया जाएगा। यह शो ग्रैंड प्राइज जीतने के मौके के लिए उनकी जानकारी और स्किल्स को परखेगा। सोनी टीवी ने सोशल मीडिया पर कई प्रोमो शेयर कर इसके नए फॉर्मेट के बारे में भी बताया है, जो बहुत ही खास होने वाला है। इस बार कंटेस्टेंट्स को सोचना पड़ेगा। ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ का प्रीमियर 10 अगस्त को होगा।

***कौन बनेगा करोड़पति 18 का नया फॉर्मेट :*** अमिताभ बच्चन इस शो के नए सजीन के साथ फिर से वापसी के लिए तैयार हैं। शो के मेकर्स ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पेज पर ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ के नए प्रोमो जारी किए हैं, जिनमें होस्ट अमिताभ बच्चन को रोजमर्रा की स्थितियों में दिखाया गया है। इन प्रोमो में बताया गया है कि आज जानकारी आसानी से मिल जाती है और टेक्नोलॉजी ने लोगों के सीखने का तरीका बदल दिया है, लेकिन सफलता इस बात पर निर्भर करती है कि जानकारी का समझदारी से इस्तेमाल कैसे किया जाए। इसमें यह भी बताया गया है कि सोचना और सही फैसले लेना भी जरूरी है। ऐसे में कंटेस्टेंट्स को सिर्फ चीजें याद रखने के बजाय सोचने-समझने पर भी ध्यान देना होगा।

***केबीसी 18 नए ट्विस्ट के साथ 10 अगस्त से होगा शुरू :*** ‘कौन बनेगा करोड़पति 18’ का प्रीमियर 10 अगस्त 2026 को होगा। चैनल ने शो के कई प्रोमो शेयर किए हैं, जिससे पता चलता है कि इस बार इसमें नया ट्विस्ट आने वाला है। पहले प्रोमो में बिग बी कहते हैं, ‘इतिहास, खेल, विज्ञान इन सबका ज्ञान इस बार केबीसी में काफी नहीं होगा। क्योंकि अब खेल जो है वो बदल गया है। केवल उत्तर याद रखने से काम नहीं चलने वाला, सोचना पड़ेगा।’ दूसरे प्रोमो में दिग्गत अभिनेता कहते हैं, ‘देखिए आज एआई ने दुनिया को बदल दिया है। ये बदलाव जो है ना रुकने वाला नहीं है जो कल तक नामुमकिन लगता था, वो आज पल भर में मुमकिन होता है। इस बदलती हुई दुनिया में हम सबको भी बदलना पड़ेगा। इसलिए केबीसी में भी हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, अब उत्तर देने से पहले आपको सोचना पड़ेगा।’

### कौन बनेगा करोड़पति 18 का तीसरा प्रोमो

तीसरे प्रोमो में वह कहते हैं, ‘आज कल जवाब जो है वो हर जगह मिलने लग गया है। आपकी जेब मैं भी। नहीं समझे? अरे भाईसाहब आपके फोन पर। इसलिए इस बार केबीसी में हमने कुछ बदलने का प्रयास किया है, जवाब याद रखने से काम नहीं चलेगा, उसके लिए जवाब आपको सोचना पड़ेगा। जी हां, सोचना पड़ेगा।’

# जिस्सू ‘बहुरूपी’ में इंस्पेक्टर अयान बनकर मचाएंगे धमाल

*जिस्सू सेनगुप्ता एक बार फिर पर्दे पर लौटे हैं। इस बार वह ‘बहुरूपी’ के सीक्वल ‘बहुरूपी: द गोल्डन डाकू’ में इंस्पेक्टर अयान बनर्जी का किरदार निभा रहे हैं। निर्देशक नंदिता रॉय और शिबोप्रसाद मुखर्जी (‘पोस्टो’ और ‘बाबा बेबी ओ’ जैसी फिल्में बनाने वाले) के साथ जिस्सू दोबारा जुड़े हैं।*

**मुंबई।** रथ यात्रा के खास मौके पर फिल्म से जिस्सू का पहला लुक सामने आया। इस लुक में वह पुलिस की वर्दी, एविएटर चश्मा और मोटरसाइकिल पर सवार, एक सख्त और दमदार अवतार में दिखे। फैंस को उनके इस नए अंदाज की झलक मिल गई।

***शिबोप्रसाद ने फिल्म को रथ यात्रा से जोड़ा :*** इस लुक ने यकीनन फिल्म के एक दमदार और रोमांचक नए अध्याय की नींव रख दी है। निर्देशक शिबोप्रसाद ने बताया कि ‘रथ यात्रा के इस शुभ दिन पर भगवान जगन्नाथ को याद करते हुए, हमने अपने इस सफर की शुरुआत कर दी है।’ यह फिल्म इंस्पेक्टर बनर्जी के इर्द-गिर्द ढेर सारे एक्शन और ड्रामा से भरपूर होने का वादा करती है। इसकी रिलीज को लेकर दर्शकों में अभी से जबरदस्त उत्साह है।




# रणवीर ने छुपाया ‘प्रलय’ का लुक

## 300 करोड़ की फिल्म में मचाएंगे तहलका

**मुंबई।** रणवीर सिंह हंसल मेहता के ऑफिस के बाहर काले कपड़ों में ढके दिखाई दिए। उन्होंने अपने सिर पर कैप, मास्क और चश्मा लगा रखा था, ताकि कोई उनकी आने वाली फिल्म ‘प्रलय’ के नए लुक को देख न सके। पैपराजी के लिए रुककर पोज देने के बजाय, उन्होंने सवालों पर ध्यान नहीं दिया। जब किसी ने मजाक में पूछा, ‘बाबा नाराज हो क्या?’, तो बस मुस्कुराते हुए तेजी से वहां से निकल गए।

### रणवीर बनेंगे ‘प्रलय’ के सह-निर्माता

कहानी पर बनी एक पोस्ट-एपोकलिप्टिक थ्रिलर फिल्म है। इसका निर्देशन जय मेहता कर रहे हैं। इस फिल्म में रणवीर कल्याणी प्रियदर्शन के साथ मुख्य भूमिका में दिखेंगे। साथ ही, वे अपनी कंपनी ‘मां कसम फिल्म्स’ के बैनर तले फिल्म के सह-निर्माता भी हैं। 300 करोड़ रुपये के बड़े बजट वाली यह फिल्म रणवीर के करियर की अब तक की सबसे महंगी सोलो फिल्म होगी। फिल्म की शूटिंग अगस्त में शुरू होगी और सितंबर में ऑस्ट्रेलिया में इसके कई अहम हिस्सों की शूटिंग की जाएगी।



# गोविंदा की वापसी से पहले ओटीटी पर जरूर देखें उनकी सुपरहिट फिल्में...

***मुंबई।*** *बॉलीवुड अभिनेता गोविंदा ने बड़े पर्दे पर वापसी का ऐलान कर अपने प्रशंसकों को खुशखबरी दी है। उन्होंने पुष्टि की है कि वह जल्द ही फिल्म ‘रूपा’ में नजर आएंगे। उनकी वापसी को लेकर फैंस के बीच जबरदस्त उत्साह है। ऐसे में नई फिल्म के रिलीज होने से पहले आइए गोविंदा की उन शानदार फिल्मों पर नजर डालते हैं, जिनका आनंद आप विभिन्न ओटीटी प्लेटफॉर्म्स पर ले सकते हैं।*

### ‘हीरो नंबर 1’ और ‘कुली नंबर 1’

साल 1997 में आई डेविड धवन की कॉमेडी फिल्म ‘हीरो नंबर 1’ में गोविंदा के साथ करिश्मा कपूर, कादर खान और परेश रावल मुख्य भूमिका में थे। इस फिल्म को आप ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। कॉमेडी फिल्म ‘कुली नंबर 1’ में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, कादर खान, हरीश कुमार और शक्ति कपूर ने काम किया था। इस फिल्म का भी आप प्राइम वीडियो पर लुफ्त उठा सकते हैं।

### ‘राजा बाबू’ और ‘दूल्हे राजा’

कॉमेडी-ड्रामा फिल्म ‘राजा बाबू’ में गोविंदा के साथ-साथ करिश्मा कपूर, शक्ति कपूर, कादर खान और अरुणा ईरानी अहम भूमिका में थे। इस फिल्म को लोगों ने खूब पसंद किया था। आप इस फिल्म को भी ओटीटी प्लेटफॉर्म प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं। हरमेश मल्होत्रा के निर्देशन में बनी कॉमेडी फिल्म ‘दूल्हे राजा’ में गोविंदा के साथ-साथ रवीना टंडन, कादर खान, जॉनी लीवर और प्रेम चोपड़ा साथ दिखाई दिए थे। इस फिल्म को आप यूट्यूब पर देख सकते हैं।



### ‘पार्टनर’

सन 2000 के दशक की गोविंदा की सबसे बड़ी हिट फिल्म ‘पार्टनर’ को डेविड धवन ने निर्देशित किया था। इसमें गोविंदा के साथ सलमान खान, कैटरीना कैफ और लारा दत्ता भी नजर आए थे। आप इस फिल्म को प्राइम वीडियो पर देख सकते हैं।

# ‘जना नायकन’ ने मचाया तूफान की इतने करोड़ की बंपर बुकिंग

**मुंबई।** फिल्म प्रेमियों के लिए एक बड़ी खबर है। तमिलनाडु सरकार ने सुपरस्टार विजय की नई फिल्म ‘जना नायकन’ के टिकटों का अधिकतम मूल्य 190 रुपये तय कर दिया है। यह फैसला इसलिए लिया गया है ताकि निष्पक्षता बनी रहे और टिकटों की कालाबाजारी या मनमानी कीमत वसूली पर रोक लग सके। निर्देशक एच. विनोथ द्वारा निर्देशित यह फिल्म 23 जुलाई को सिनेमाघरों में रिलीज होगी। राज्य में इसकी एडवांस बुकिंग 19 जुलाई से शुरू हो जाएगी।



### एडवांस बुकिंग दुनिया भर में 4 करोड़ पार

‘जना नायकन’ फिल्म रिलीज से पहले ही खूब चर्चा बटोर रही है। 16 जुलाई तक, इसकी एडवांस बुकिंग ने दुनिया भर में 4 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार कर लिया है। रिलीज के दिन, दक्षिण भारत में सुबह 6 बजे से ही फिल्म के शो शुरू हो जाएंगे। वहीं, कर्नाटक के सिनेमाघरों में, जहां टिकटों की कीमतों पर कोई सरकारी पाबंदी नहीं है, वहां एक टिकट 800 से 1000 रुपये में बिक रहा है। उत्तर भारत में फिल्म की भारी मांग के कारण इसे लगभग 2000 सिनेमाघरों में दिखाया जाएगा। साथ ही मुंबई के मलाड और अंधेरी जैसे तमिल बहुल इलाकों में सुबह 4 बजे के विशेष शो भी रखे गए हैं।

## खबर संक्षेप

### लायंस क्लब ने पौधरोपण के साथ किया संगोष्ठी का आयोजन



**चांपा।** प्रमुख समाज सेवी संस्था लायंस क्लब चांपा द्वारा बिर्रा रोड घठोली चौक के पास स्थित अनंता सिटी परिसर में पौधरोपण किया गया। साथ ही पर्यावरण संरक्षण पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में लायंस क्लब से अध्यक्ष एवं जोन चेयरपर्सन एमजेएफ लायन संतोष कुमार सोनी अधिवक्ता, सचिव लायन वासुदेव चंद देवांगन, चेयरमैन लायन रामप्रपन्न देवांगन, वाइस चेयरमैन लायन डॉ के पी राठौर, सचिव लायन सुरेश अग्रवाल, लायन विनोद कुमार अग्रवाल, लायन राजेश अग्रवाल रीजन चेयरपर्सन, एमजेएफ लायन संतोष कुमार अग्रवाल, डिस्ट्रिक्ट चेयरपर्सन, लायन एम के पारीक , लायन डॉ जी पी दुबे, लायन बजरंग लाल अग्रवाल, लायन बैजनाथ देवांगन, एमजेएफ लायन नंदकुमार देवांगन, लायन खूबचंद देवांगन, अनंता सिटी के मैनेजिंग डायरेक्टर आशीष अग्रवाल, पियूष अग्रवाल , मैनेजर रमेश बरेठ, दिनेश बरेठ , योगेंद्र बंजारे आदि लोग उपस्थित थे।

### अखिल भारतीय पंचायत परिषद छत्तीसगढ़ राज्य इकाई में खीक राम बने प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य



**हसौद।** अखिल भारतीय पंचायत परिषद, दिल्ली छत्तीसगढ़ राज्य इकाई द्वारा खीक राम साहू को प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य नियुक्त किया गया है। नियुक्ति की जानकारी सामने आने के बाद क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों, सामाजिक कार्यकर्ताओं, पंचायत प्रतिनिधियों एवं ने खीक राम साहू को शुभकामनाएं दीं। खीख राम साहू ने अपनी नियुक्ति पर परिषद के राष्ट्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि उन्हें जो जिम्मेदारी सौंपी गई है, उसका पूरी निष्ठा और ईमानदारी से निर्वहन करेंगे। उन्होंने कहा कि पंचायतों के विकास, ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं के समाधान तथा संगठन को मजबूत बनाने के लिए वे निरंतर कार्य करेंगे।

### बीरभांठा में भगवान जगन्नाथ स्वामी की निकली रथयात्रा



**मालखरौदा।** ग्राम बीरभाठा में भगवान जगन्नाथ की पारंपरिक रथ यात्रा शनिवार 18 जुलाई को श्रद्धा और उत्साह के साथ निकाली गई। मिनी मेले के बीच निकली इस रथ यात्रा में आसपास के गांवों से बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल हुए और पूरे गांव में भक्तिमय वातावरण बना रहा। खोदर (डभरा) से पहुंचे वाहक दल ने राधेश्याम निषाद एवं पुनिराम सिदार के नेतृत्व में नृत्य-गीत के साथ भगवान जगन्नाथ, बलभद्र एवं माता सुभद्रा की प्रतिमाओं को मोहन दास, शंकर दास और भुवनेश्वर दास के निवास से विधि-विधानपूर्वक पूजा-अर्चना के बाद रथ पर विराजमान कराया। इसके बाद भगवान की रथ यात्रा गांव की गलियों से होकर निकली। श्रद्धालुओं ने पूरे भक्तिभाव से भगवान के दर्शन किए और गजा-मूंग का प्रसाद ग्रहण किय। हल्की बारिश भी श्रद्धालुओं के उत्साह को कम नहीं कर सकी। यात्रा का समापन भगवान जगन्नाथ मंदिर में हुआ, जहां हर्षोल्लास और जयघोष के बीच पुजारी ने भगवान जगन्नाथ, बलभद्र और माता सुभद्रा की प्रतिमाओं को पुनः उनके सिंहासन पर विराजमान कराया।रथ यात्रा को सफल बनाने में सरपंच बुद्धेश्वर नाविक, पुनिराम यादव, गोवर्धन यादव, राजू नाविक एवं सुमेद यादव का विशेष योगदान रहा। वहीं रणविजय मरावी, रामेश्वर यादव, लक्ष्मी ठाकुर तथा रथबाई केवट ने भी आयोजन में महत्वपूर्ण सहयोग प्रदान किया।

## निधन

### श्रीमती मणिमाला शर्मा



**चांपा।** स्थानीय ब्राम्हण समाज के प्रतिष्ठित नागरिक, भाजपा नेता, चांपा नगरपालिका के पूर्व उपाध्यक्ष पुरुषोत्तम शर्मा की धर्मपत्नी श्रीमती मणिमाला शर्मा का रविवार 19 जुलाई को अपरान्ह 3 बजे नगर के गौरव पथ स्थित एक निजी अस्पताल में निधन हो गया। वे 49 वर्ष की थी। स्व. श्रीमती शर्मा अपने पीछे पति समेत एक पुत्र एवं एक पुत्री का भरा-पूरा परिवार छोड़ गयी है। उनका अंतिम संस्कार सोमवार 20 जुलाई को मवेशी बाजार स्थित सार्वजनिक मुक्तिधाम में किया जायेगा। अंतिम यात्रा सुबह 9 बजे रहसबेड़ा के सामने ब्राम्हणपारा स्थित निवास से निकलेगी।

### लियाराम यादव



**बहेराडीह।** ग्राम बहेराडीह के प्रतिष्ठित नागरिक लियाराम यादव का रविवार 19 जुलाई को आकस्मिक निधन हो गया। वे रेल्वे विभाग से सेवानिवृत्त कर्मचारी थे। उनका अंतिम संस्कार स्थानीय मुक्तिधाम में हुआ। उनके अंत्येष्ठी में अंचल के स्वजातीय बंधुओ के अलावा अन्य समाज के प्रबुद्ध नागरिक बड़ी संख्या में शामिल हुये।

कई बार संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद नहीं हो पाया मरम्मत

# भीमकाय वाहनों के चलने से सड़क पर बने गड्‌ढे हादसे को दे रहा न्योता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ शिवरीनारायण

नगर की सड़क इन दिनों काफी जर्जर हो गई है। जगह-जगह सड़क पर बड़े-बड़े गड्ढे हो चुके हैं। बरसात में पानी भरे होने के कारण यहां दुर्घटना की आशंका भी लगातार बढ़ गई है। सड़क की इस स्थिति से नागरिक खासे नाराज हैं। कई बार संबंधित अधिकारियों के पास गुहार लगाने के बावजूद भी सड़क नहीं सुधर पाई है । शिवरीनारायण नगर में सड़कों की जाल बिछा कर विकास के दावे किए जा रहे हैं। नगर की सड़क पर बरसात के पहले ही गड्ढों को अगर भर दिया गया होता तो लोगों को इतनी परेशानी नहीं होती सड़क की देखरेख के अभाव एवं गुणवत्ता में कमी के चलते सड़कें जर्जर हो रही हैं।

जर्जर सड़कें जनता के लिए परेशानी का सबब बनकर आए दिन दुर्घटना को आमंत्रित कर रही हैं। मजबूरी में जनता उन बदहाल सड़कों पर जान जोखिम में डाल कर यात्रा करने को मजबूर हो जाती है। नगर के केरा रोड पर बड़े बड़े भीमकाय वाहन रोज गुजरते है जो गिधौरी बलौदाबाजार जोड़ने वाली सड़क है वह सबसे ज्यादा खराब हैं वहीं नगर के केरा चौक पर भी बड़े बड़े गड्ढे है। नगरवासियों ने बताया कि सड़क पर गड्ढे इतने बड़े बड़े है कि अगर उसमें बरसात का पानी भर जाए तो किसी को गड्ढों के बारे में पता नहीं चलता और कई लोग उस गड्ढे में समा भी जाते है गड्ढे में पानी भरने से यह हादसे



सड़क में बने गड्ढे एवं गुजरते वाहन चालक।

को न्योता दे रहे हैं। नगरवासियों ने कई बार जनप्रतिनिधियों को इस सड़क के सुधार करने की मांग की। पर आज तक न तो सड़क सुधरी और न ही लोगों को राहत मिली, जिसके कारण नगरवासी व्यथित हैं। सड़क की उपेक्षा से यह साबित हो जाता है कि उच्च पदों पर बैठे अधिकारी लोगों को होने वाली परेशानी को लेकर गंभीर नहीं है। नगर में जब से अमृत जल मिशन का काम शुरू हुआ है तब से नगरवासियों को सिर्फ परेशानी ही मिल रही है। बरसात के पहले लोगों को धूल का सामना करना पड़ता था वही अब सड़क को पाइप डालने के लिए खोदे हुए गड्ढों को ठेकेदार द्वारा सही समय पर भरा नहीं गया जिस कर अब उस गड्ढे में बरसात का पानी भर रहा है और बड़े बड़े वाहन उसे में से चल रहे है तो वह गड्ढा अब दिनों दिन बढ़ता जा रहा है और लोगों के लिए चलने में परेशानियां बढ़ती ही जा रही जिससे कि लोगों में आक्रोश दिनों दिन बढ़ता ही जा रहा हैं।



## तीन दिनों से ट्रांसफार्मर खराब पेयजल के लिए भटक रहे ग्रामीण

हरिभूमि न्यूज ▶▶ देवरी-सारागांव

सारागांव विद्युत वितरण केंद्र से लगभग एक किमी की दूरी पर स्थित ग्राम पंचायत देवरी में स्थापित 200 केवी का विद्युत ट्रांसफार्मर पिछले तीन दिनों से खराब पड़ा हुआ है। ट्रांसफार्मर खराब होने के कारण गांव के बस्तीपारा एवं भाटापारा मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह बाधित हो गई है, जिससे स्थानीय ग्रामीणों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।

■ बस्तीपारा एवं भाटापारा मोहल्लों में विद्युत आपूर्ति पूरी तरह

लगातार बिजली बंद रहने से सबसे अधिक समस्या पेयजल व्यवस्था प्रभावित होने की है। बिजली नहीं होने के कारण पानी की मोटरें संचालित नहीं हो पा रही हैं, जिससे लोगों को पीने के पानी के लिए इधर-उधर भटकना पड़ रहा है। इसके अलावा घरों में अंधेरा रहने से दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे हैं। जिससे काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ट्रांसफार्मर खराब होने की सूचना विद्युत विभाग को तीन दिन पहले ही दे दी गई थी, लेकिन अब तक इसे सुधारने या बदलने की कोई ठोस पहल नहीं की गई है। इससे लोगों में विभाग के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। ग्रामीणों ने विद्युत विभाग के अधिकारियों से जल्द से जल्द खराब ट्रांसफार्मर की मरम्मत अथवा नया ट्रांसफार्मर स्थापित कर नियमित विद्युत आपूर्ति बहाल करने की मांग की है। इस संबंध में विद्युत वितरण केंद्र सारागांव के एई अंकित सोनी का कहना है कि सोमवार 20 जुलाई को ट्रांसफार्मर लेने के लिए मंडल के कर्मचारी रायगढ़ स्टोर जाएंगे, वहां से ट्रांसफार्मर आने के बाद लगाया जाएगा।

## आमनदुला हायर सेकण्डरी स्कूल में छात्राओं को साइकिल वितरित



**मालखरौदा।** विकासखंड मालखरौदा के शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय आमनदुला में जनप्रतिनिधियों, शाला प्रबंधन समिति के सदस्यों एवं समस्त स्टाफ की उपस्थिति में सरस्वती सायकल योजना के तहत कक्षा नवमीं के छात्राओं को सायकल वितरित किया गया। कार्यक्रम में जनपद पंचायत मालखरौदा के अध्यक्ष कवि वर्मा, मुख्य कार्यपालन अधिकारी तेजेश्वर यादव ग्राम पंचायत आमनदुला से उपसरपंच श्याम वर्मा शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मदन यादव, उपाध्यक्ष जीवन गबेल एवं सदस्य गण में मनबोधी यादव, लकेश्वर महंत, छबि लाल यादव, कृष्णा यादव, अमृत साहू एवं निशांत गबेल उपस्थित रहे। नई साइकिल मिलने से छात्राओं के चेहरे खिल उठे। जनपद अध्यक्ष कवि वर्मा एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने अपने उद्बोधन में विद्यार्थियों को नियमित शाला आने के लिए प्रेरित किये।

## पेंशनरों राहतः डीए-डीआर के लिए दोनों राज्यों की सहमति की बाध्यता खत्म

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चांपा

प्रदेश के लाखों पेंशनरों के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। राज्य पुनर्गठन के बाद महंगाई भत्ता (डीए) और महंगाई राहत (डीआर) देने के लिए दोनों राज्यों की आपसी सहमति की अनिवार्यता अब समाप्त कर दी गई है। इस फैसले से वर्षों से चली आ

■ भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ के लंबे संघर्ष को मिली सफलता, पांच लाख से अधिक पेंशनरों को होगा लाभ

रही प्रशासनिक बाधा खत्म हो गई है, जिससे भविष्य में अधिकारियों, कर्मचारियों और पेंशनरों को समय पर डीए और डीआर मिलने का रास्ता साफ हो गया है।

मध्य प्रदेश राज्य पुनर्गठन अधिनियम-2000 की धारा 49(6) के तहत दोनों राज्यों के बीच सहमति बनने के बाद ही डीए और डीआर संबंधी निर्णय लागू हो पाते थे। इसी



उपस्थित पेंशनर।

कारण कई बार अधिकारियों, कर्मचारियों और विशेष रूप से पेंशनरों को लंबे समय तक महंगाई राहत का इंतजार करना पड़ता था। अब इस कानूनी बाध्यता को समाप्त कर दिए जाने से दोनों राज्य अपनी-अपनी परिस्थितियों के अनुसार स्वतंत्र रूप से निर्णय ले सकेंगे। इस ऐतिहासिक निर्णय का भारतीय राज्य पेंशनर्स महासंघ ने स्वागत करते हुए इसे लंबे संघर्ष की बड़ी जीत बताया है। महासंघ वर्षों से इस प्रावधान को समाप्त करने की मांग कर रहा था। दिसंबर 2025 में अयोध्या धाम में आयोजित राष्ट्रीय पेंशनर अधिवेशन में भी इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाया गया था। महासंघ के लगातार प्रयासों और आंदोलन के बाद अब इस मांग के पूरा होने पर संगठन ने संतोष व्यक्त किया है। इस निर्णय पर जिला शाखा के संरक्षक डॉ. जी.पी. दुबे, अध्यक्ष परमेश्वर स्वर्णकार, प्रदेश सचिव अवधराम घृतलहरे, प्रदेश संगठन मंत्री अरुण कुमार तिवारी, जिला उपाध्यक्ष मनहरन सिंह राजपूत, सचिव सनत सिंह राठौर, कोषाध्यक्ष हेमंत कुमार सोनी, संगठन सचिव रामसेवक सोनी प्रसन्नता व्यक्त की।

## स्काउटिंग कौशल सिखाने व ध्वज शिष्टाचार का दिया गया प्रशिक्षण

**जांजगीर-चांपा।** शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मड़वा में संचालित भारत स्काउट्स एंड गाइड्स छत्तीसगढ़ अंतर्गत संचालित सावित्री बाई फूले गाइड कंपनी, स्वामी विवेकानंद स्काउट दल और द ग्रीन थंब रोवर क्रू के संयुक्त प्रयास से स्वच्छता अभियान, ध्वज शिष्टाचार और पौधरोपण कार्यक्रम का आयोजन हुआ। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि एवं संस्था प्राचार्य व ग्रुप लीडर जगमोहन सिंह पैंकरा ने विद्यार्थियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा



कि स्काउटिंग एक ऐसी जीवन पद्धति है जो विद्यार्थियों को कठिन और विपरीत परिस्थितियों में भी साहस के साथ कार्य करने का हौसला देती है। उन्होंने आगे कहा कि ऐसे आयोजन न केवल विद्यालय परिसर को स्वच्छ रखते हैं, बल्कि छात्रों के सर्वांगीण व्यक्तित्व के विकास में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। कार्यक्रम के दौरान याख्याता योगेन्द्र शुक्ला, श्रीमती प्रतिभा तिवारी, व्यायाम शिक्षक रमेश तिवारी, रमेश चंद्र देवांगन, एच पी साहू, श्रीमती कविता साहू, गिरजा शंकर साहू, अभिषेक पाठक, कु अनीता टांडे एवं श्री आशुतोष शर्मा का स्वागत स्कॉर्फ से किया गया । कार्यकम में उपस्थित जिला सचिव दीपक कुमार यादव ने कहा कि स्काउटिंग कौशलो के प्रायोगिक प्रशिक्षण देने का यह प्रयास विद्यार्थियों को न केवल स्काउटिंग के प्रति प्रेरित करता है बल्कि उनके आत्मबल को मजबूत भी करता है ।

## फिल्मी, भजन एवं छत्तीसगढ़ी गाने गाकर संगीत की सजाई महफिल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सक्ती

कराओके क्लब सक्ती के गठन को 7 वर्ष पूर्ण होने पर क्लब के सदस्यों के द्वारा एक संगीत संध्या का आयोजन नारायण सागर रोड गुरु प्रसाद जायसवाल निवास स्थल में

■ कराओके क्लब सक्ती के गठन को 7 वर्ष पूर्ण होने पर हुआ संगीत संध्या का आयोजन

किया गया। जिसमें संगीत की महफिल सजाते हुए मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जहां कराओके क्लब के सदस्यों ने एक से बढ़कर एक फिल्मी गाने, भजन एवं छत्तीसगढ़ी गाने गाकर संगीत की महफिल सजाई। उक्त कार्यक्रम में गुरु प्रसाद जायसवाल, हरीश दुबे, विक्रम राज, संतोष अनंत, साहिल सिंह, निरंजन यादव, विनोद राठौर, राम प्रकाश जाफरी, श्रीमती उर्मिला लहरे, मनोज सरकार, सीताराम चौहान, रवि यादव, जैनेंद्र जायसवाल, भुनेश्वर यादव, श्याम अवतार साहू नरेश कसेर एवं सदस्यों ने उपस्थिति दी। ज्ञात हो कि 17 जुलाई



उपस्थित क्लब के पदाधिकारी।

2019 को इस सफर की शुरुआत की गई थी तब अपने घरों में गाने गुनगुनाने वाले कई लोगों ने जिसमें पेशे से शिक्षक, कृषक, अधिवक्ता, पत्रकार, शासकीय कर्मचारी, कंप्यूटर ऑपरेटर, पेंटर, व्यवसायी आर्केस्ट्रा में अपनी उपस्थिति दर्ज का चुके गायकों, समाजसेवी, महिला वर्ग में शिक्षक, पंचायत सचिव एवं गृहणी ऐसे अनेक वर्गों से जुड़े लोगों ने कराओके क्लब सक्ती का गठन कर समाज सेवा एवं संगीत के क्षेत्र में कुछ कर गुजरने की ललक से एक सार्थक प्रयास किया। इसमें से अधिकांश लोगों ने कभी संगीत के क्षेत्र में मंच साझा नहीं किया था, वही मात्र तीन महीने की प्रैक्टिस के बाद कराओके क्लब सक्ती के द्वारा एक भव्य आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया। जिसे दर्शकों ने देर रात्रि तक अपनी उपस्थिति देकर पूर्णतः सफल बना दिया। देश भक्ति, भजन संध्या एवं आर्केस्ट्रा जैसे कराओके क्लब सक्ती के द्वारा लगातार विभिन्न आयोजन किये गए।

## वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक में स्वतंत्रता दिवस व वनभोज की तैयारियों पर हुई चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ अकलतरा

वरिष्ठ नागरिक मंच की मासिक बैठक कुंवर भुवन भास्कर सिंह माध्यमिक विद्यालय परिसर स्थित मंच के कार्यालय कक्ष में सरस्वती पूजन एवं वंदना के साथ संपन्न हुई। बैठक की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष रामेन्द्र सिंह चौहान ने की। उन्होंने सभी सदस्यों का स्वागत करते हुए हारमोनियम की संगत पर भजन प्रस्तुत किया।

बैठक में संत राम साहु ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत किया, जिसमें घनश्याम राजवाड़े ने ढोलक पर संगत दी। महेश बनाफर ने फिल्मी गीत प्रस्तुत कर सभी का मनोरंजन किया, वहीं छेदीलाल शर्मा ने हास्य-व्यंग्य कविता सुनाकर उपस्थित सदस्यों को खूब गुदगुदाया।इस अवसर पर जुलाई माह में जन्मदिन




वाले सदस्यों धारी सिंह, महेश बनाफर एवं भरत सिंह चंदेल का शाल एवं श्रीफल भेंटकर सम्मान किया गया तथा उनके उत्तम स्वास्थ्य एवं दीर्घायु की कामना की गई।बैठक में आगामी 15 अगस्त स्वतंत्रता दिवस को उत्साहपूर्वक मनाने, मंच की सदस्य संख्या बढ़ाने तथा वर्षा ऋतु के बाद केराचुआं में वनभोज आयोजित करने के प्रस्ताव पर सर्वसम्मति से सहमति व्यक्त की गई।स्वल्पाहार के साथ बैठक का समापन हुआ। बैठक में रामभरोस कैवर्त, वीरेन्द्र जैन, बजरंग जायसवाल, धनाराम साहु, दरस यादव, सरस्वतीलाल वस्त्रकार सहित बड़ी संख्या में वरिष्ठ नागरिक मंच के सदस्य उपस्थित रहे।

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल में आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन पर जागरूकता कार्यशाला

## आपातकाल में सही प्राथमिक उपचार से बच सकती है मरीज की जान

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जांजगीर-चांपा

गुरुकुल इंटरनेशनल स्कूल जांजगीर में शनिवार 18 जुलाई को लायंस क्लब जांजगीर चाम्पा के तत्वावधान में विद्यार्थियों, शिक्षकों एवं विद्यालयीन स्टाफ की सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए आपातकालीन चिकित्सा प्रबंधन एवं दुर्घटना के बाद अस्पताल पहुंचाने से पूर्व की जाने वाली प्राथमिक चिकित्सा विषय पर एक महत्वपूर्ण जागरूकता कार्यशाला का आयोजन किया गया।

कार्यक्रम के मुख्य वक्ता वरिष्ठ मेडिसिन विशेषज्ञ डॉ. आलोक नाथ मंगलम एवं मेडिकल आफिसर डॉ. दीपक साहू ने दुर्घटना के पश्चात घायल व्यक्ति की स्थिति का त्वरित एवं सही आकलन करने, घबराहट से बचने तथा समय रहते उचित प्राथमिक उपचार प्रदान करने के



आपातकालीन चिकित्सा के बारे में जानकारी देते चिकित्सक।

व्यावहारिक तरीकों की विस्तारपूर्वक जानकारी दी। उन्होंने बताया कि "किसी भी आपातकालीन स्थिति में अस्पताल पहुंचाने से पहले उठाए गए सही कदम मरीज के जीवन की रक्षा में अत्यंत महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। दुर्घटना होने पर सबसे पहले घटनास्थल की सुरक्षा सुनिश्चित करनी चाहिए। तत्पश्चात घायल व्यक्ति की चेतना, श्वास एवं नाड़ी की जांच करनी चाहिए। आवश्यकता पड़ने पर सीपीआर, रक्तस्राव रोकने के उपाय, फ्रैक्चर की स्थिति में अंग को स्थिर रखने की विधि तथा घायल व्यक्ति को सुरक्षित ढंग से अस्पताल पहुंचाने के तरीके भी विस्तार से समझाए। उन्होंने यह भी कहा कि प्राथमिक चिकित्सा का उद्देश्य केवल उपचार करना नहीं, बल्कि मरीज की स्थिति को अस्पताल पहुंचने तक स्थिर बनाए रखना होता है। कार्यक्रम के दौरान उपस्थित शिक्षकों एवं विद्यार्थियों ने विभिन्न परिस्थितियों से जुड़े प्रश्न पूछे, जिनका डॉ. मंगलम ने उत्तर देते हुए समाधान किया। विद्यालय प्रबंधन ने डॉ. आलोक नाथ मंगलम एवं डॉ.दीपक साहू के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्हें स्मृति चिन्ह एवं श्रीफल देकर सम्मानित किया गया। अंत में सभी प्रतिभागियों ने आवश्यकता पड़ने पर सीखी गई प्राथमिक चिकित्सा एवं आपातकालीन प्रबंधन संबंधी जानकारी का उपयोग कर समाज में जागरूकता फैलाने का संकल्प लिया।

